बरपेटा में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ

पूर्वांचल प्रहरी निज संवाददाता

बरपेटा रोड : बरपेटा जिला प्रशासन ने केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त भागीदारी और सहयोगिता से आज 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह पालन कर रहा है। बरपेटा जिला प्रशासन ने खासकर सीपीजीआरएएल और सेवा सेतु पोर्टल के जरिए सभी लंबित याचिकाओं को जल्द ही समाधान करने के लिए कोशिश करेंगे। गत 16 दिसम्बर को इस संदर्भ में बरपेटा जिला आयुक्त सभाकक्ष में जरूरी बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में पौर सभा बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी, खंड उन्नयन अधिकारी व सीडीपीओ को उक्त शिविरों में उन्नत सेवा प्रदान करने की निर्देश देने के साथ भारी मात्रा में याचिकाओं को समाधान करने परामर्श दी। 19 दिसम्बर को बरपेटा जिले के सभी वार्ड कार्यालय में और 20 को बरपेटा जिला अंतर्गत पाकाबेतबाड़ी, गोवर्धना, चकचका, चेंगा, गोमाफुलबाडी, रुपही अंतर्गत खंड उन्नयन अधिकारी कार्यालय, 21 को बरपेटा जिला अंतर्गत सभी राजस्व चक्र कार्यालय, 22 को बरपेटा जिला सभी पौर बोर्ड कार्यालय, बरपेटा जिला अंतर्गत मंडिया खंड उन्नयन कार्यालय, 23 को सरुक्षेत्री, बरपेटा जिला अंतर्गत खंड उनन्यन कार्यालय, 24 को बरपेटा जिला अंतर्गत सभी सीडीपीओ कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया है।